## महत्वपूर्ण एवं खास

### युवक के खाते से 1 लाख से अधिक रकम पार

**रायपुर (आरएनएस)।** अज्ञात व्यक्ति ने युवक के खाते से ऑनलाइन 1 लाख 36 हजार 499 रुपए आहरण कर लिया। प्रार्थी की शिकायत पर राखी थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी तुलेश्वर कुमार साहू 32 वर्ष उपरवारा का रहने वाला है। बताया जाता है कि अज्ञात व्यक्ति ने प्रार्थी के सेंट्रल बैंक के खाता से नेट बैंकिंग के माध्यम से ऑनलाइन 1 लाख 36 हजार 499 रुपए आहरण कर लिया। प्रार्थी को जब इसकी जानकारी लगी, तो उसने इसकी शिकायत राखी थाना में किया। मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### सरेआम शराब पीते 24 गिरफ्तार

**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी पुलिस ने नशेडिय़ों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 24 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार खम्हारडीह पुलिस ने कचना रोड में सरेआम शराब पीते आरोपी अनील महानंद 32 वर्ष व प्रदीप साहू 30 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं टिकरापारा पुलिस ने आरोपी आस्कर पैकरा 30 वर्ष, प्रदीप कुमार 24 वर्ष व वैभव खलको 37 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं देवेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी हरीपाल बाग 45 वर्ष, अंस नायक 50 वर्ष, संजय नायक 45 वर्ष, नेहरू बघेल 50 वर्ष, मोहित साहू 30 वर्ष व अर्जुन ताण्डी 26 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं तेलीबांधा पुलिस ने आरोपी उदय सिंह 48 वर्ष व लोकेश महानंद 44 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह खमतराई पुलिस ने आरोपी ललीत वर्मा 57 वर्ष व लोकेश निशाद 23 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं नवापारा थाना पुलिस ने आरोपी पवन साहू 30 वर्ष, चंदन साहू 28 वर्ष, सुंदर साहू 36 वर्ष व भूशण निषाद 27 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह नेवरा पुलिस ने आरोपी ओम प्रकाश बांधे 31 वर्ष, दीपक मानिकपुरी 21 वर्ष व चंद्रशेखर निषाद 30 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं खरोरा पुलिस ने आरोपी भरत साहू 32 वर्ष व धरसींवा पुलिस ने आरोपी अंकीत साहू 25 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

### 8 जुआरी चढ़े पुलिस के हत्थे

**रायपुर (आरएनएस)।** अभनपुर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम दोंदरा में 8 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से नरकदी 5300 रुपए सहित ताशपत्ती जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार कल दोपहर पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम दोंदरा में कुछ लोग काट पत्ती नामक जुआ खेल रहे है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी भानुराम साहू 57 वर्ष, युवराज निर्मलकर 38 वर्ष सहित 6 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से तासपत्ती सहित नकदी 5300 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 3,2 जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### चाकू लेकर घूमता युवक गिरफ्तार

**रायपुर (आरएनएस)।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह के दिशा निर्देशन पर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पश्चिम दौलत राम पोर्ते अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर लखन लाल पटले के मार्गदरशन तथा नगर पुलिस अधीक्षक राजेश देवांगन के पर्यवेक्षण में अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु चाकुबाजो व अड्डेबाजो के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना पुरानी बस्ती पुलिस के कार्य से अवैध रुप से चाकू रखे चाकूबाज को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई। विवरण इस प्रकार है मुखबिर से सूचना मिला की महामाई पारा महाराजबंध तालाब के पास चौक में एक लडक़ा जो छिटदार सफेद रंग का शर्ट पहना है दाढ़ी मूछ वाला है अपने पास धारदार चाकू रखकर संदिग्ध हालत में घूम रहा है और आने जाने वाले लोगो को डरा धमका रहा है कि मुखबिर की सूचना पर तत्काल कोई गंभीर अपराध की घटना घटित न हो की आशंका पर घटना स्थल पर रवाना हुआ उक्त आरोपी को पकडक़र तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से अवैध रूप से धार दार नोकदार चाकू रखे मिला।

# जैतखाम तोड़े जाने के विरोध में समाज के लोगों ने कलेक्ट्रेट में की तोडफोड़ व आगजनी

**रायपुर- बलौदाबाजार ।** आरएनएस



बलौदाबाजार जिले में गिरौदपुरी धाम की एक बस्ती में बने जैतखाम और सतनामी समाज के पूजा स्थल में तोड़-फोड़ के मामले में सोमवार को सतनामी समाज के लोग कलेक्ट्रेट परिसर में जमकर हंगामा किया। इस दौरान उग्र प्रदर्शनकारियों ने कलेक्टर दफ्तर और जिला पंचायत कार्यालय परिसर में खड़े कई वाहनों में तोडफ़ोड़ कर उन्हें आग के हवाले कर दिया। इस दौरान मौके पर पहुंची पुलिस के साथ भी जमकर झूमाझटकी हुई। घटना में कई लोग घायल भी हुए हैं। इस घटना के बाद शहर में कफ्र्यू जैसे हालात निर्मित हो गए हैं।

बता दें कि गिरौदपुरी धाम से 5 किलोमीटर दूर एक बस्ती मानाकोनी है। यहां पर पुरानी गुफा है, जो बाघिन गुफा के नाम से प्रचलित है। जहां जैतखाम और सतनामी समाज के पूजा स्थल में तोड़-फोड़ की गई थी। इसके बाद समाज के लोगों ने चक्काजाम किया था। पूर्व में इस मामले में गृहमंत्री विजय शर्मा ने रविवार को ट्वीट कर कहा था कि पूरे मामले की न्यायिक जांच की जाएगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश थे कि सामाजिक सौहार्द बिगाडऩे वाली इस घटना की न्यायिक जांच कराई जाए। यह न्यायिक जांच रिटायर्ड जज या कार्यरत जज से कराई जाएगी।

वहीं गिरौधपुरी में जैतखाम तोड़े जाने के विरोध में समाज के हजारों की संख्या में लोग दशहरा मैदान में कई दिनों से प्रदर्शन कर रहे थे। सोमवार को यह भीड़ कलेक्ट्रेट और जिला पंचायत कार्यालय का घेराव करने पहुंच गई। कुछ देर में ही प्रदर्शनकारी उग्र हो गए। लोगों ने कलेक्ट्रेट में खड़े वाहनों में तोडफ़ोड़ की तथा कलेक्टर कार्यालय और जिला पंचायत कार्यालय में आग लगा दी। इस दौरान आग लगाने के सूचना पर फायर ब्रिगेड की 7 गाडिय़ां पहुंची हैं और आग बुझाने का प्रयास कर रही थी पर गुस्साये प्रदर्शनकारियों ने दमकल की 2 गाडिय़ों में भी आग लगा दी और एक में तोडफ़ोड़ की है। इस घटना के दौरान कलेक्टर कार्यालय के अंदर 100 से 150 लोग फंसे रहे, जो अपने काम से गए थे। उन्हें पीछे से किचन के रास्ते पुलिस बल ने बाहर निकाला। इन सभी को मैदान में सुरक्षित रखा गया है। फिलहाल क्षेत्र में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है तथा कफ्र्यू जैसे हालात निर्मित हो गए हैं।

## दिल्ली से लौटते ही सीएम साय करेंगे मंत्रियो के कार्यो की समीक्षा, मुख्य सचिव को दिए तैयारियों के निर्देश

**रायपुर ।** आरएनएस

छत्तीसगढ़ में सीएम विष्णुदेव साय की सरकार को बने तकरीबन 6 महीने हो गए हैं। जिसमें से तकरीबन 3 महीने चुनाव का रहा है। इस दौरान आचार संहिता की वजह से राज्य सरकार कोई नीतिगत निर्णय नहीं कर पाई है। ऐसे में लोकसभा चुनाव की आचार संहिता खत्म हो गई है। ऐसे में अब प्रशासनिक हलचल तेज हो गई है।

ऐसे में अब सीएम विष्णुदेव साय सरकार अपने छह महीने के कामकाज की समीक्षा करने जा रही है। जिसको लेकर बाकायदा निर्देश जारी कर दिए गए हैं। कहा जा रहा है कि, दिल्ली से लौटते ही सीएम साय स्वयं एक-एक विभाग के कामकाज की समीक्षा करेंगे। सीएम साय और दोनों डिप्टी सीएम अरुण साव व विजय शर्मा इस वक्त दिल्ली में है। आज पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार का शपथ ग्रहण है। सीएम और डिप्टी सीएम शपथ ग्रहण समारोह के बाद रायपुर में लौटेंगे। उनके लौटते ही विभागीय समीक्षा बैठकों का दौर शुरू हो जाएगा। समीक्षा बैठक के लिए पहले 10 जून का कार्यक्रम तय किया गया था। लेकिन सीएम साय के दिल्ली दौरे की वजह से इसे आगे बढ़ा दिया गया है।

**मुख्य सचिव को दिए गए तैयारी के निर्देश -** अफसरों के अनुसार, सीएम विष्णुदेव साय की समीक्षा बैठक के संबंध में मुख्य सचिव को पहले ही तैयारी करने के निर्देश जारी कर दिए गए थे। इसके आधार पर मुख्य सचिव ने सभी विभागों को एजेंडा जारी कर दिया है। बताया जाता है कि, विभागों की समीक्षा मंत्रियों के हिसाब से होगी। जिसमें एक- एक मंत्री के सभी विभागों की एक ही दिन में समीक्षा होगी।

## दंपत्ति पर हाथी ने किया हमला: पत्नी की मौत, पति ने भागकर बचाई जान

**कोरबा ।** आरएनएस

लंबे समय से हाथी समस्या से जूझ रहे वनमंडल कोरबा में मुश्किलें जस की तस हैं। आज सुबह हाथी की हमले में एक ग्रामीण महिला की मौत हो गई। वह अपने पति के साथ धान बीज लेने गिरारी जा रही थी। आपात परिस्थितियों में पति ने भागकर अपनी जान बचाई। हाथी के हमले में हुए घटनाक्रम की खबर मिलने पर वन विभाग की टीम कुछ घंटे बाद मौके पर पहुंची। करतला पुलिस को इस बारे में अवगत कराया गया है। उक्तानुसार आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। आज सुबह लगभग 05 बजे के आसपास यह घटना वनमंडल कोरबा के अंतर्गत हुई। अधिकारिक जानकारी में बताया गया कि 50 वर्षीय आदिवासी महिला यादोबाई कंवर का हाथी सामना हुआ और आखिरकार उसके प्राण पखेरू उड़ गए। बासिन ग्राम पंचायत क्षेत्र की निवासी मृतका अपने पति वृक्षराम कंवर 55 वर्ष के साथ धान बीज लेने के लिए बासिन से गिरारी गांव जाने निकले थे। उन्हें नहीं पता था कि संबंधित रास्ते में हाथी मौजूद हैं और उनकी हरकतें जारी है। बताया गया कि देर रात ही एलोंग गांव से एक दंतैल हाथी कलमीटिकरा पहुंचा था। वनकर्मी भी इस बारे में अनभिज्ञ थे और इसलिए उनकी ओर से सुरक्षात्मक प्रयास नहीं किये जा सके। इधर हाथियों की पहुंचने के कुछ घंटे बाद ही सुबह जब आदिवासी दंपत्ति कृषि कार्य के संबंध में गिरारी के तरफ जा रही थी तभी वनमंडल के श्यांग परिसर के पास एक जगह दंतैल हाथी ने अटैक कर दिया। विशालकाय हाथी को अपने काफी करीब पाकर महिला को न तो भागने का मौका मिला और न ही सोचने का। अगले ही क्षण हाथी ने महिला को पटककर जान ले ली। पता चला कि इस दौरान पति वृक्षराम ने साहस जरूर दिखाया लेकिन अपनी जान बचाने के लिए उसने जंगल के रास्ते में दौड़ लगा दी। मामले के बारे में उसने वन विभाग के स्थानीय कर्मियों को जानकारी दी। कुछ देर बाद अमले के साथ पहुंचे वन अधिकारियों ने मौके का जायजा लिया तो संबंधित क्षेत्र में महिला को मृत पाया गया। कोरबा से विभाग के उच्च अधिकारियों की पहुंच घटना स्थल पर हुई है। मामले को लेकर पुलिस को अवगत कराया गया। सुरक्षा व्यवस्था के साथ मृतका का शव पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

कोरबा जिले के दोनों वनमंडलों में हाथ उत्पात का मसला लगभग डेढ़ दशक से बना हुआ है और इनमें लगातार जन-धन की हानि हो रही है। हाथियों को नियंत्रित करने के लिए इन वर्षों में कई प्रकार की कोशिश की गई और भारी-भरकम धनराशि भी खर्च की गई। असम की जान-मानी हाथी ट्रेनर पार्वती बरुआ के अलावा केरल के कुमकी हाथी भी यहां लाए जा चुके हैं। इसके अतिरिक्त पावर फेंसिंग के साथ-साथ जशपुर क्षेत्र की अत्यंत तेज असर वाली मिर्च के पौधों का रोपण भी सीमाई क्षेत्र में हाथियों को रोकने के लिए किया गया लेकिन नतीजे सिफर रहे। बासिन क्षेत्र में दंतैल हाथी के हमले में एक आदिवासी महिला की मौत हुई है। हाथी की उपस्थिति को लेकर क्षेत्र के लोगो को अलर्ट किया जा रहा है। मौजूदा मामले में पीडित परिवार को शुरुआती राशि दे दी गई है। ऐसे प्रकरण में 6 लाख रुपए की सहायता दिया जाना प्रावधानित है।

## दिव्यांगजन 11 व 12 जून को नजदीकी सामुदायिक अस्पताल जाकर कराएं दिव्यांगता का सत्यापन : सीएमएचओ डॉ पाणिग्राही

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** सीएमएचओ डॉ अवधेश पाणिग्राही को समाज कल्याण विभाग के द्वारा दिव्यांग प्रमाण पत्र धारकों को कृत्रिम अंग एवं अन्य सहायक उपकरण वितरण करने का निर्देश कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू से प्राप्त हुआ है, जिसके परिपालन में डॉ पाणिग्राही ने जिले के खंड चिकित्सा अधिकारियों को समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में 11 व 12 जून को शिविर आयोजित कर दिव्यांगों का सत्यापन करने का निर्देश दिया है। सत्यापन अभियान के पहले दिवस मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बरमकेला विकासखंड के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण किया एवं स्वयं दिव्यांगजनों का सत्यापन किए। डॉ अवधेश पाणिग्राही ने बताया कि समाज कल्याण विभाग से इलेक्ट्रिक व्हीलचेयर, मोटराइज्ड ट्राईसाईकिल, व्हीलचेयर, बैशाखी, चश्मा, श्रवण यंत्र एवं अन्य कृत्रिम अंग वितरण हेतु दिव्यांगों की सूची प्राप्त हुई है, जिनका सत्यापन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में पदस्थ चिकित्सा अधिकारियों के द्वारा किया जा रहा है। चिकित्सा अधिकारियों को प्राप्त सूची के अलावा भी जो दिव्यांग इन सहायक उपकरणों के लायक हैं, उन्हें चिन्हांकित कर सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया गया है।

## लोकसभा चुनाव के बाद जनदर्शन प्रारंभ

### कलेक्टर धर्मेश साहू का आवेदनों के निराकरण के लिए निर्देश दिए

**सारंगढ़-बिलाईगढ़**

नागरिकों के समस्याओं, मांग आदि से जुड़े कलेक्टर जनदर्शन लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान स्थगित किया गया था, जिसे मतगणना के बाद पुनः सोमवार को प्रारंभ हो गया है। कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने जिले के नागरिकों के जनदर्शन में मांग शिकायत सुनकर निराकरण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। जनदर्शन में 34 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें राजनीतिक प्रतिनिधियों ने पुल-पुलिया, छात्रावास, सीसी रोड निर्माण आदि कार्य से संबंधित मांग रखे। वहीं नागरिकों ने राशन कार्ड, पेंशन, पशुशेड निर्माण, मजदूरी भुगतान, बटांकन, रिकार्ड दुरूस्ती के आवेदन दिए। ग्रामीणों ने मारोदरहा बैगामुड़ा जलाशय के मरम्मत कार्य के लिए कलेक्टर से मांग किए, वहीं धनसीर के ग्रामीणों ने पटवारी राजेन्द्र धुरव के विरूद्ध शिकायत किया है। ग्राम कोसीर से जुड़े किसान गुहाराम बनज ने शिकायत किया है कि उनके अपेक्स बैंक खाता में अज्ञात व्यक्ति ने फर्जी एन्ट्री कर 72 हजार 325 रूपए का आहरण किया है। ग्राम कुम्हारी के किसान रूप सिंह चन्द्रा ने गाताडीह सहकारी समिति में उनके नाम से फर्जी ऋण का शिकायत किया है। इसी प्रकार ग्राम गोपालभौना के ग्रामीण ने आयुक्त बिलासपुर संभाग के न्यायालय में प्रचलित प्रकरण के संबंध में अभिलेख रिकार्ड लिंक कोर्ट रायगढ़ भेजने के लिए आवेदन दिया है।

## मेकाहारा के डॉक्टरो ने फिर किया कमाल,हृदय रोग से पीड़ित युवक का सफल इलाज

**रायपुर ।** आरएनएस

छत्तीसगढ़ के रायपुर से एक अनोखा केस सामने आया है, जिसमें दिल के मरीज को हार्ट अटैक देकर बचाया गया. राजधानी स्थित डॉ. भीमराव अम्बेडकर अस्पताल के एडवांस कार्डियक इंस्टीट्यूट में डॉक्टरों ने मरीज के दिल की नसों में अल्कोहल का इंजेक्शन लगाकर कृत्रिम हार्ट अटैक दिलाकर उसकी जान बचाई.

कार्डियोलॉजी विभाग के अध्यक्ष डॉ. स्मित श्रीवास्तव और टीम ने हाइपर ट्रॉफिक कार्डियोमायोपैथी की बीमारी से पीड़ित 32 साल के युवक को अल्कोहल सेप्टल एब्लेशन प्रक्रिया अपना कर नई जिंदगी दी है. इस प्रक्रिया में मरीज के दिल की नसों में शुद्ध अल्कोहल के इंजेक्शन लगाकर उसे कृत्रिम रूप से नियंत्रित हार्ट अटैक दिलाया गया, जिससे उसकी जान बचाई जा सकी.

### जानिए क्या है हाइपर ट्रॉफिक कार्डियोमायोपैथी

डॉ. स्मित श्रीवास्तव के अनुसार, हाइपर ट्रॉफिक कार्डियोमायोपैथी एक वंशानुगत स्थिति है, जिसमें दिल की मांसपेशी असामान्य रूप से मोटी हो जाती है. दिल की मांसपेशी मोटी हो जाने की वजह से दिल के लिए खून पंप करना कठिन हो जाता है. आमतौर पर इस रोग का पता चल नहीं पाता. ऐसी स्थिति वाले ज्यादातर लोगों में कोई लक्षण नहीं होते. कुछ लोगों को सांस फूलना, सीने में दर्द या दिल की असामान्य धडक़न जैसी समस्याएं हो सकती है.

### जानिए क्या है अल्कोहल सेप्टल एब्लेशन

अल्कोहल सेप्टल एब्लेशन प्रक्रिया हाइपर ट्रॉफिक कार्डियोमायोपैथी बीमारी के उपचार के लिए एक नॉन-सर्जिकल प्रक्रिया है. यह अल्कोहल सेप्टल एब्लेशन कैथेटर के सहारे की जाने वाली प्रक्रिया है. कैथेटर के सिरे पर एक गुब्बारा होता है. यह तकनीक कोरोनरी एंजियोप्लास्टी के समान है, जिसमें फ्लोरोस्कोपिक (एक्स-रे) और इकोकार्डियोग्राफिक (अल्ट्रासाउंड) मार्गदर्शन के तहत धमनी में शुद्ध अल्कोहल की एक छोटी मात्रा को डाला जाता है. अल्कोहल दिल की कुछ मांसपेशियों की कोशिकाओं को सिकोड़ देता है, जिससे दिल से होकर शरीर में रक्त का प्रवाह बेहतर होता है. इस प्रक्रिया के बाद बलून को शरीर से बाहर निकाल देते हैं.

## अवैध रूप से रेत का उत्खनन, दो पोकलेन एवं 4 हाईवा जब्त

**दंतेवाड़ा ।** आरएनएस

कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) द्वारा जारी विज्ञप्ति अनुसार छत्तीसगढ़ शासन द्वारा रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण पर प्रभावी नियंत्रण हेतु दिये गये निर्देश के परिपालन में राजस्व अमला एवं खनिज अमला द्वारा संयुक्त 09 जून को तहसील दंतेवाड़ा के ग्राम पंचायत बालूद का औचक निरीक्षण किया गया। इस निरीक्षण में ग्राम पंचायत बालूद क्षेत्र में अवैध रूप से खनिज रेत का उत्खनन कर परिवहन कर रहे 02 जेसीबी मशीन एवं 04 हाईवा को जप्त कर वाहनों को सुरक्षा की दृष्टि से कार्यालय कलेक्टर के परिसर में रखा गया है। इनमें वाहन मालिक राहुल लकड़ा निवासी आवापल्ली बीजापुर वाहन क्रमांक सीजी 18 क्यु 9591, शैलेश सेठिया निवासी भोगाम दंतेवाड़ा वाहन क्रमांक सीजी 18 आर 3099, अजय कुमार निवासी आरंगी वाहन क्रमांक सीजी 18 आर 5918, राजेश अन्ना निवासी भांसी दंतेवाड़ा वाहन क्रमांक सीजी 18 आर 6983, रवि नायक निवासी कनारापारा जगदलपुर वाहन टाटा हिताची ईएक्स 110 मशीन तथा सवन कुमार निवासी बालुद दंतेवाड़ा जेसीबी जेएस 205 मशीन शामिल है। इस क्रम में खनिज साधारण रेत के अवैध उत्खनन एवं परिवहन के कारण वाहन मालिकों के विरुद्ध भी नियमानुसार कार्यवाही किया जा रहा है। इसके अलावा तहसील दंतेवाड़ा के ग्राम पंचायत पोन्दूम का भी निरीक्षण दल द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान निरीक्षण में ग्राम-पोन्दुम निवासी सोमारू कवासी पिता पाण्डे कवासी द्वारा गौण खनिज साधारण रेत का अवैध रूप खनिज रेत का अवैध भण्डारण किया जाना पाया गया। जिस पर छ0ग0 खनिज (खनन, परिवहन तथा भण्डारण) नियम 2009 के तहत् वाहन जप्ती की कार्यवाही किया गया।

ज्ञात हो कि उपरोक्त सभी प्रकरणों में छ.ग. गौण खनिज नियम 2015 के नियम 71. खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 एवं छ.ग. खनिज (खनन, परिवहन तथा भण्डारण) नियम, 2009 के अंतर्गत दंडात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जावेगी। इसके अलावा पूर्व में भी जिले के खनिज ठेकेदारों, खनिज परिवहनकर्ताओं को निर्देशित किया गया है कि बिना अभिवहन पास के खनिज का उत्खनन, परिवहन, भण्डारण करना दंडनीय अपराध है।

SJU - Contact No. +91 9301915303
E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

## विष्णु सरकार की सुध से खेती-किसानी को नया सम्बल : नसीम अहमद खान, उप संचालक

**रायपुर ।** आरएनएस

देश की जीडीपी में कृषि का बड़ा योगदान है। छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था का मूल आधार भी कृषि ही है और यह धान का कटोरा कहलाता है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने अल्पावधि में राज्य के किसानों के हित में कई फैसले लिए हैं, इससे राज्य में खेती-किसानी को नया सम्बल मिला है। किसान बेहद खुश है। उनके मन में एक नई उम्मीद जगी है।

छत्तीसगढ़ की नई सरकार ने प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की समर्थन मूल्य पर खरीदी तथा दो साल के बकाया धान बोनस की राशि 3716 करोड़ रूपए का भुगतान करके एक ओर जहां अपना संकल्प पूरा किया है, वहीं दूसरी ओर किसानों से बीते खरीफ विपणन वर्ष में 144.92 लाख मेट्रिक टन धान की रिकार्ड खरीदी की है। किसानों को समर्थन मूल्य के रूप में 31,914 करोड़ रूपए का भुगतान एवं किसान समृद्धि योजना के माध्यम से मूल्य की अंतर की राशि 13,320 करोड़ का भुगतान करके यह बता दिया है कि छत्तीसगढ़ की खुशहाली और अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने का रास्ता खेती-किसानी से ही निकलेगा।

किसानों का मानना है कि राज्य सरकार के अब तक के फैसलों से यह स्पष्ट हो गया है कि यह सरकार किसानों की हितैषी है। खेती-किसानी ही छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था का प्रमुख आधार है। कृषि के क्षेत्र में सम्पन्नता से ही छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होगी और विकसित राज्य बनाने का सपना साकार होगा। इस बात को ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ सरकार ने इस साल कृषि के बजट में 33 प्रतिशत की वृद्धि की है।

छत्तीसगढ़ सरकार ने अपने संकल्प के मुताबिक समर्थन मूल्य पर खरीदे गए धान में प्रति क्विंटल 917 रूपए के मान से अंतर की राशि भी दे दी है। किसानों को प्रति क्विंटल के मान से 3100 रूपए के भुगतान की यह राशि देश में सर्वाधिक है। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा इस साल के बजट में कृषक उन्नति योजना के अंतर्गत 10 हजार करोड़ की व्यवस्था की गई है।

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा राज्य में कृषि को बढ़ावा देने के लिए कई अभिनव पहल की जा रही है। जशपुर जिले के कुनकुरी में कृषि व्यवसाय प्रबंधन महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र तथा बलरामपुर जिले के रामचंद्रपुर में पोस्ट हार्वेस्ट मैनेजमेंट एवं प्रोसेसिंग टेक्नोलॉजी महाविद्यालय, सूरजपुर जिले के सिलफिली एवं रायगढ़ में शासकीय उद्यानिकी एवं वानिकी महाविद्यालय, तथा मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के खडगंवा में कृषि महाविद्यालय खोलने की व्यवस्था बजट में की है।

कृषि में आधुनिक उपकरणों के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए कृषि अभियांत्रिकी संचालनालय की स्थापना एवं राज्य स्तरीय नवीन कृषि यंत्र परीक्षण प्रयोगशाला के भवन का निर्माण, दुर्ग एवं सरगुजा जिले में कृषि यंत्री कार्यालय तथा रासायनिक उर्वरकों की जांच के लिए सरगुजा जिले में गुणवत्ता नियंत्रण प्रयोगशाला की स्थापना की जाएगी।

राज्य के किसानों को सहकारी एवं ग्रामीण बैंकों से ब्याज मुक्त कृषि ऋण उपलब्ध कराने के लिए 8 हजार 500 करोड़ का लक्ष्य तथा भूमिहीन कृषि मजदूरों की सहायता हेतु दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर योजना के तहत भूमिहीन परिवारों को प्रतिवर्ष 10 हजार रूपये की आर्थिक सहायता देने के लिए बजट में 500 करोड़ रुपए का प्रावधान है।